

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से ...

**1 जुलाई, 2023**

**प्रिय साथियो**,

हमारे पोर्टफोलियो में नए व्यावसायिक उद्यम के जुड़ने से जून का महीना एनएचपीसी के लिए बहुत उत्साहवर्द्धक रहा है। इन उपलब्धियों के साथ जल विद्युत परियोजनाओं के क्षेत्र के साथ ही पंप्ड स्टोरेज संयंत्रों और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के क्षेत्र में भी हमने एक महत्वाकांक्षी विकास की शुरुआत की है। अब, जबकि हमें एक संगठन के रूप में आगे बढ़ने के लिए नए व्यवसाय और अवसर मिल रहे हैं, तो संगठन के लिए अधिक से अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए स्वयं को फिर से समर्पित करना और एनएचपीसी के उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना हमारे लिए महत्वपूर्ण हो जाता है।

यह वास्तव में एनएचपीसी के लिए बहुत गर्व का क्षण था जब भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी और नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' की गरिमामयी उपस्थिति में 1 जून 2023 को हैदराबाद हाउस, नई दिल्ली में नेपाल स्थित फुकोट करनाली जल विद्युत परियोजना (480 मेगावाट) के विकास के लिए एनएचपीसी और विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड, नेपाल के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया। इस समझौता ज्ञापन  पर अधोहस्ताक्षरी और वीयूसीएल के प्रबंध निदेशक, श्री सूर्य प्रसाद रिजल द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया जाना  विद्युत क्षेत्र सहयोग के  क्षेत्र में भारत-नेपाल के  संयुक्त दृष्टिकोण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

एक अन्य ऐतिहासिक विकास के क्रम में, महाराष्ट्र राज्य में पंप भंडारण योजनाओं और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत परियोजनाओं के विकास के लिए महाराष्ट्र सरकार के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फड़णवीस जी की उपस्थिति में एनएचपीसी और ऊर्जा विभाग,  महाराष्ट्र राज्य सरकार के बीच 6 जून 2023 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौता ज्ञापन के तहत राज्य में कुल मिलाकर 7350 मेगावाट की चार पंप स्टोरेज परियोजनाओं अर्थात कालू-1150 मेगावाट, सावित्री-2250 मेगावाट, जालोन्ड-2400 मेगावाट और केंगाडी-1550 मेगावाट तथा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत परियोजनाओं के विकास की परिकल्पना की गई है।

राज्य में पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पीएसपी) और नवीकरणीय ऊर्जा विकसित करने के एनएचपीसी के प्रयास को और मजबूत करने के लिए एनएचपीसी और ग्रिडको लिमिटेड के माध्यम से ओडिशा राज्य सरकार के बीच 23 जून 2023 एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। श्री विश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) ने 24 जून 2023 को भुवनेश्वर में श्री निकुंज  बिहारी ढल, अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा), ओडिशा राज्य  सरकार सह अध्यक्ष, ग्रिडको तथा श्री विशाल कुमार देव, मुख्य सचिव (वित्त) व अध्यक्ष, ओएचपीसी-सह-सीएमडी, जीईडीसीओएल से मुलाकात की।

श्री उत्तम लाल ने एनएचपीसी में निदेशक (कार्मिक) का पदभार संभाला है । श्री लाल का स्वागत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। श्री लाल के पास कार्मिक प्रबंधन, औद्योगिक संबंध और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का प्रचुर अनुभव है। मुझे विश्वास है कि एनएचपीसी को उनकी विशेषज्ञता और विद्युत क्षेत्र की उनकी  गहरी समझ से बहुत लाभ मिलेगा।

29 जून, 2023 को सभी ब्लॉकों में ईएल 210 मीटर के बांध के शीर्ष स्तर तक की कंक्रीटिंग कार्य पूरा होने के साथ हमारी 2000 मेगावाट की सुबानसिरी जलविद्युत परियोजना ने एक महत्वपूर्ण लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। परियोजना को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मैंने 2 जून, 2023 को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर का दौरा किया और पकल दुल, कीरू, क्वार, रतले और सावलकोट जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और माननीय राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग ने दिनांक 3 जून 2023 को एनएचपीसी दुलहस्ती पावर स्टेशन, (जम्मू-कश्मीर) का दौरा किया। उनकी इस यात्रा के दौरान, मैंने माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री को किश्तवाड़ जिले (जम्मू-कश्मीर) में स्थित एनएचपीसी की परियोजनाओं और पावर स्टेशन की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

एनएचपीसी ने 10 से 15 जून 2023 तक गोथेनबर्ग, स्वीडन में इंटरनेशनल कमीशन ऑन लार्ज डैम्स (आईकोल्ड 2023) की वार्षिक बैठक में भाग लिया। श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) और श्री विश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) के नेतृत्व में एनएचपीसी के प्रतिनिधिमंडल ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया । प्रतिनिधिमंडल ने बांधों के प्रबंधन और सुरक्षा के संबंध में जलविद्युत विकासकर्ताओं के समक्ष आ रहे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विभिन्न पेपर प्रस्तुत किए, जिसकी प्रतिभागियों द्वारा बहुत सराहना की गई। इस कार्यक्रम में जलविद्युत विकास के क्षेत्र में एनएचपीसी की क्षमताओं को भी एक विशेष पैवेलियन में प्रदर्शित किया गया।

**इस माह की अन्य विशिष्टताएं निम्नवत हैं:**

- एनएचपीसी ने 21 जून, 2023 को अपने सभी कार्यस्थओं से विश्व योग दिवस समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री के नेतृत्व में नई दिल्ली में विशेष योग दिवस अभ्यास आयोजित किया गया। श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस योगाभ्यास में भाग लिया।
- केएसईबी परियोजनाओं के डिजाइन की जांच के लिए "डिज़ाइन क्लिनिक" स्थापित करने के लिए एनएचपीसी ने अपनी परामर्शी सेवा पहल के भाग के रूप में 16 जून, 2023 को केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्य सरकार द्वारा 7 जून, 2023 को 525 मेगावाट X 6 घंटे की अनुमानित भंडारण क्षमता वाला एक पंप हाइड्रो स्टोरेज साइट एनएचडीसी को आवंटित किया गया है।
- एनएचपीसी द्वारा 5 जून 2023 को मिशन लाइफ के तहत निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और इकाइयों में पूरे उत्साह के साथ 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम के तहत विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।
- विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून 2023 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 49 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।
- जून 2023 माह के दौरान राजस्व संग्रह 710.55 करोड़ रुपए है।
- माह जून 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 7786.7 मिलियन यूनिट रहा।

मैं गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आपको और आपके परिवार के सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूँ।

आपका,

**(आर.के. विश्नोई)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**



# From CMD's Desk…

1st July 2023

**Dear Colleagues,**

The month of June was quite eventful for NHPC with new business ventures being added to our portfolio. With this, we have set up an ambitious growth plan not only in the field of Hydro power projects but Pumped Storage Plants and Renewable Energy Projects as well. Now, that we are getting new businesses and opportunities to further grow as an organization, it is important to rededicate ourselves and remain committed to NHPC objectives for bringing greater success for the Organization.

It was indeed a very proud moment for NHPC when a Memorandum of Understanding (MoU) was exchanged between NHPC and Vidhyut Utpadan Company Limited, Nepal for development of Phukot Karnali Hydro Electric Project (480MW) in Nepal in the august presence of Shri Narendra Modi, Hon'ble Prime Minister of India and Shri Pushpa Kamal Dahal 'Prachanda' Hon'ble Prime Minister of Nepal at Hyderabad House, New Delhi on 1st June 2023. The MOU was signed by the undersigned and Shri Surya Prasad Rijal, Managing Director, VUCL. The signing of this MOU is a landmark step towards India-Nepal Joint Vision on Power Sector Cooperation.

In another landmark development, an MOU has been signed between NHPC and Department of Energy, Govt. of Maharashtra on 6th June 2023 in the presence of Shri Devendra Fadnavis, Hon'ble Deputy Chief Minister, Govt. of Maharashtra for the development of Pumped Storage Schemes and other Renewable Energy Source Projects in the State of Maharashtra. The MOU envisages development of four Pumped Storage Projects aggregating to 7350 MW namely Kalu-1150MW, Savitri-2250MW, Jalond-2400MW & Kengadi-1550MW and other Renewable Energy Source Projects in the state.

An MOU was signed between NHPC and Govt. of Odisha through GRIDCO Limited on 23rd June 2023 for "Development of Pumped Storage Projects (PSPs) and Renewable Energy in the State of Odisha". To further strengthen NHPC endeavor to develop Pumped Storage Projects (PSPs) and Renewable Energy in the State of Odisha, Shri Biswajit Basu, Director (Projects) met Shri Nikunj B. Dhal, Additional Chief Secretary (Energy), Govt. of Odisha cum Chairman, GRIDCO and Sh. Vishal Kumar Dev, Principal Secretary (Finance) cum Chairman OHPC cum CMD, GEDCOL at Bhubaneswar on 24th June 2023.

It is my great pleasure to welcome Shri Uttam Lal who has taken over as Director (Personnel) at NHPC. Shri Lal has over 35 years of rich experience in the area of Personnel Management, Industrial Relations and Corporate Social Responsibility. I am sure that NHPC will be greatly benefitted by his expertise and deep understanding of the power sector.

A significant milestone has been achieved at our 2000 MW Subansiri Lower HE Project with the completion of concreting upto Dam top level of EL 210 M in all the blocks on 29th June 2023. This is an important achievement towards completion of the Project.

I visited UT of J&K on 2nd June 2023 and reviewed the progress of Pakal Dul, Kiru, Kwar, Ratle and Sawalkot HE projects. Dr Jitendra Singh, Hon'ble Union Minister of State (Ind.Charge) Ministry of Science and Technology and Hon'ble Minister of State, Prime Minister's Office, Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions, Department of Atomic Energy and Department of Space visited NHPC Dulhasti Power Station, (J&K) on 3rd June 2023. During his visit, I briefed the Hon'ble Union Minister about the status of NHPC projects and power station in the Kishtwar District (J&K).

NHPC participated in Annual meeting on International Commission on Large Dams (ICOLD 2023) held from 10th to 15th June 2023 in Gothenburg, Sweden. The NHPC delegation led by Shri R.P. Goyal, Director (Finance) and Shri Biswajit Basu, Director (Projects) actively participated and presented various Papers on critical issues faced by hydropower developers in respect of management and safety of dams which were highly appreciated by the participants. NHPC's capabilities in the field of hydropower development were also showcased in a special pavilion at the event.

**Other highlights of the month are:**

- NHPC participated actively during World Yoga Day celebrations across all it locations on 21st June 2023. Shri R.P. Goyal, Director (Finance), Shri Uttam Lal, Director (Personnel), and other senior officers participated in the special Yoga Day exercise led by Shri R.K. Singh, Hon'ble Union Minister of Power, New and Renewable Energy held at New Delhi.
- NHPC signed an MOU with Kerala State Electricity Board (KSEB) to set up a "Design Clinic" for vetting of design of KSEB Projects on 16th June 2023 as part of its Consultancy Services initiatives.
- A Pump Hydro Storage site with estimated storage capacity of 525 MW X 6 Hours has been allotted to NHDC by Department of New and Renewable Energy, Govt. of Madhya Pradesh on 7th June 2023.
- World Environment Day was celebrated by NHPC on 5th June 2023 under the theme of 'Beat Plastic Pollution' with great enthusiasm at Corporate Office, Regional Offices, Power Stations, Projects and Units under Mission LiFE.
- A Blood Donation camp was organized on the occasion of World Blood Donors' Day on 14th June 2023 at NHPC Corporate Office wherein 49 units were collected.
- The revenue collection during the month of June 2023 stood at Rs 710.55 Crore.
- The total cumulative generation of all NHPC Power Stations stood at 7786.7 MUs at the end of June 2023.

I convey my best wishes to you and your family members on the auspicious occasion of Guru Purnima.

Sincerely Yours,

**(R.K. Vishnoi)**
**Chairman & Managing Director**